**Terms of Reference**
**Senior Consultant - Maternal Health**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Ministry of Health & Family Welfare is seeking resumes from qualified candidates for the above mentioned post purely on contractual basis.

**Roles and Responsibilities:**

- To assists Maternal Health Division in Monitoring implementation of Maternal Health interventions under the National Health Mission (NHM) with respect to key maternal health program.
- Provide technical assistance and programmatic support to the MoH&FW and stated for strengthening and implementation of standardization of labor room and quality assurance/improvement in MCH services.
- Support and Guide the State in standardization of labor room and prevention of parent to child transmission of HIV & Syphilis programs.
- Work with partners, and state government counterparts to develop, implement, monitor and report on program activities including work plans, budgets, activities, monitoring and evaluation (M&E) frameworks and reports for capacity building.
- Assist in development of documents, operational and technical guidelines.
- Assist MH Division in analysis of various reports/studies/MIS Data/Survey reports and based on the output/analysis suggest actions to achieve MH indicators in states.
- Assist in developing technical reports and review of existing guidelines and training manuals through field visits and dissemination of the same at the state/district levels.
- Assist in appraisal reports of state PIPs, prepare quarterly/monthly reports, monitoring of progress of MH interventions.
- Support states and districts in implementation of activities planned under NHM PIP, assessment of progress against approved plans through use of data available and reports.
- Conduct periodic field visits to states to monitor the progress and support to ensure that the approved plans have been implementation in the defined time period oh MH interventions.
- Submit periodic reports on above and suggest actions, required at State level to fill the gaps within the approved Program Implementation plans.
- Any other work assigned within the MH framework Outputs Time bound actions and reports for all the task in the TORs, or as assigned by the Maternal Health Division from time and submission of monthly reports of work done.
- Perform other duties as assigned by the supervisor to achieve the organizational goals.

**Eligibility:**

- MBBS/BDS/BHMS/BAMS/BPT+MD/MPH/MHA/Post Graduate Diploma in Health Management/MBA in Health Management.
- Minimum of 5+years' experience in the field of public health of which 2-3 years' experience in Reproductive and Child Health (RCH) with government at national or state level. Preference will be given to candidates who have worked with NHM/RCH at National/State level.
- Familiarity with the Indian health system, key stakeholders and relevant government policies/strategies particularly National I Heath Mission.
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities,

excellent oral and written communication skills in English.

- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in implementing RCH trainings programs at field level.
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages likes MS Word, Excel, Power Point & Web surfing to search relevant data & documents.
- Ability to handle a variety of assignment under pressure of deadlines.
- Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.
- Formula educational qualification and experience could be relaxed when there is published work of high quality or whenever there is work experience of specific relevance.

**Age Limit:** Upper Limit 55 years as on last date for receiving application and having sound health to undertake extensive field visits.

**Remuneration Range**: Between Rs. 90,000/- to Rs.1,50,000/-

**Location:** New Delhi with willingness to travel to states and districts.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **25-June-2024**.

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)

### वरिष्ठ सलाहकार - मातृ स्वास्थ्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उल्लिखित पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व:**

- मुख्य मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत मातृ स्वास्थ्य कार्यकलापों के कार्यान्वियन की मॉनीटरिंग में मातृ स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।
- प्रसव कक्ष के मानकीकरण और एमसीएच सेवाओं में गुणवत्ता आश्वासन/सुधार के सुदृढ़ीकरण और कार्यान्वियन हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान करना।
- प्रसव कक्ष के मानकीकरण और माता-पिता से बच्चे में एचआईवी और सिफलिस के संचरण रोकथाम कार्यक्रम में राज्य को सहायता करना और मार्गदर्शन देना।
- कार्य योजनाओं, बजट, कार्यकलापों, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन (एम एंड ई) अवसंरचना और क्षमता निर्माण हेतु रिपोर्ट तैयार करने सहित कार्यक्रम कार्यकलापों को तैयार करने, कार्यान्वियन, निगरानी और रिपोर्ट के लिए भागीदारों और राज्य सरकार के समकक्षों के साथ कार्य करना।
- दस्तावेजों, परिचालन और तकनीकी दिशानिर्देशों को तैयार करने में सहायता करना।
- विभिन्न रिपोर्टों/अध्ययनों/एमआईएस आंकड़ों/सर्वेक्षण रिपोर्टों के विश्लेषण में एमएच प्रभाग की सहायता करना और राज्यों में एमएच संकेतकों को प्राप्त करने के लिए आउटपुट/विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई का सुझाव देना।
- क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से तकनीकी रिपोर्ट तैयार करने और मौजूदा दिशानिर्देशों और प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा करने और राज्य/जिला स्तर पर इसके प्रसार में सहायता करना।
- राज्य की पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्ट में सहायता करना, त्रैमासिक/मासिक रिपोर्ट तैयार करना, एमएच कार्यकलापों की प्रगति की मॉनीटरिंग करना।
- एनएचएम पीआईपी के तहत नियोजित कार्यकलापों के कार्यान्वियन में राज्यों और जिलों की सहायता करना, उपलब्ध आंकड़ों और रिपोर्ट के उपयोग के माध्यम से अनुमोदित योजनाओं के संबंध में प्रगति का आकलन करना।

- प्रगति की निगरानी करने के लिए राज्यों का समय-समय पर क्षेत्रीय दौरा करना और यह सुनिश्चित करने के लिए सहायता देना कि अनुमोदित योजनाओं को एमएच कार्यकलापों की निर्धारित समयावधि में लागू किया गया है।
- उपर्युक्त पर आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना और अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के भीतर कमियों को पूरा करने के लिए राज्य स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने का सुझाव देना।
- एमएच अंवसरचना के तहत सौंपे गए कोई अन्य कार्य और टीओआर में सभी कार्यों के लिए समयबद्ध कार्रवाई और रिपोर्ट तैयार करना अथवा मातृ स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य और किए गए कार्य की मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कर्तव्यों का निष्पादन करना।

**पात्रता:**

- एमबीबीएस/बीडीएस/बीएचएमएस/बीएएमएस/बीपीटी + एमडी/एमपीएच/एमएचए/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5+ वर्ष का अनुभव, जिसमें से राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकार के साथ प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) में 2-3 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच के साथ कार्य कर चुके उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख हितधारकों और संबद्ध सरकारी नीतियों/कार्यनितियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अच्छी जानकारी होना।
- उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और पारस्परिक क्षमताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित रूप में संपर्क करने का कौशल।
- बहु-विषयक समूह परिवेश में काम करने की प्रमाणित क्षमता।
- क्षेत्रीय स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम को लागू करने में प्रमाणित अनुभव।
- संबद्ध आंकड़ों और दस्तावेजों का पता लगाने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों के साथ उच्च स्तर की जानकारी के साथ कंप्यूटर दक्षता।
- समय-सीमा के दवाब में विभिन्न प्रकार के कार्यों का निपटान करने की क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने में तत्पर और सौंपे गए कार्य के लिए समय सीमा को पूरा करने हेतु विभिन्न सौंपे गए कार्यो को एक समय पर पूरा करने की क्षमता।
- उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य होने या निर्दिष्ट संबद्ध कार्य अनुभव होने पर शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक उच्चतम आयु सीमा 55 वर्ष और व्यापक क्षेत्रीय दौरों के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ्य।

**पारिश्रमिक सीमा:** 90,000/- रु. से 1,50,000/-रु. के बीच

**स्थान:** नई दिल्ली और राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तत्पर।

**आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **25-June-2024** है।